सेरेब्रल पाल्सीग्रस्त बच्चों के लिए मार्गदर्शन केन्द्र

मुकुल माधव फाउंडेशन का उपक्रम

संवाददाता

पुणे. सेरेब्रल पाल्सीग्रस्त बच्चों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से रूबी हॉल हेल्थ केयर सर्विस में विशेष सलाह केंद्र खोला जायेगा. इस सलाह केंद्र का लाभ दूर-दूर से आये सेरेब्रल पाल्सीग्रस्त बच्चों को मिलेगा. पुणे के केईएम अस्पतॉल में भी विडिओ कॉन्फरेंस के माध्यम से किया जायेगा. मुकुल माधव फाउंडेशन के व्यवस्थापकीय विश्वस्त रितु छाबड़िया ने बताया कि रूबी हॉल के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. परवेज ग्रांट इस उपक्रम में सहयोग दे रहे हैं. डॉ. भारती पाटिल इस सलाह केंद्र का प्रतिनिधित्व करेंगी.

सातारा में सेरेब्रल पाल्सीग्रस्त बच्चों को सेरेब्रल पाल्सी कुर्सियां, व्हीलचेयर व कमोड चेयर का वितरण किया गया. इस वितरण समारोह में सातारा के जिलाधिकारी अश्विन मुदगल, सातारा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितीन पाटिल, पुणे विभाग के अतिरिक्त आयुक्त श्याम देशपांडे, जिला आरोग्यधिकारी दिलीप माने, जिला शिक्षण अधिकारी पुनिता गुरव, कूपर कॉर्पोरेशन प्रा. लि. के व्यवस्थापकीय संचालक फारोख कूपर व कूपर कॉर्पोरेशन प्रा. लि. के सीईओ झाल कूपर, रूबी हॉल क्लीनिक के डॉ. परवेज ग्रांट व केईएम अस्पताल के भारती पाटिल उपस्थित थे. सातारा के सांसद छत्रपति उदयनराजे भोसले व उनकी पत्नी दमयंतीराजे भोसले की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में कुर्सियां फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लि. के सीएसआर शाखा के मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से वितरीत किया गया. कार्यक्रम में 5 व्हीलचेयर्स, 5 कमोड व्हीलचेयर्स व 1 सेरेब्रल पाल्सी कुर्सी वितरीत की गई. इससे पूर्व मुकुल माधव फाउंडेशन ने सातारा जिला में सेरेब्रल पाल्सीग्रस्त बच्चों को 74 व्हीलचेयर्स व 52 कमोड कुर्सियां भेंट के रूप में दी जा चुकी है.